संख्या:-59/2021/147आ0/23-5-21-67(10)ईजी/04

प्रेषक,

नीरजा सक्सेना,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, लखनऊ, उ0प्र0।

लोक निर्माण अनुभाग-5 **लखनऊ : दिनांक : 27 मार्च, 2021**

विषय: भारतीय सड़क कांग्रेस के 81वें अधिवेशन के आयोजन हेतु दिनांक 10.09.2021 से 27.09.2021 तक गोमती नगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्पूर्ण परिसर के आवंटन हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0 लो0नि0वि0, लखनऊ(बजट 'क' वर्ग) के पत्रांक-15253बीजीजी/80बी-4/2005-06, दिनांक 23.03.2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतीय सड़क कांग्रेस के 81वें अधिवेशन के आयोजन हेतु दिनांक 10.09.2021 से 27.09.2021 तक गोमती नगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्पूर्ण परिसर के आवंटन हेतु **रू0 252.08392 लाख(रू0 दो करोड़ बावन लाख आठ हजार तीन सौ बयानवे मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) स्वीकृत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक, डाकघर, डिपाजिट खाते अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

(2) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत धनराशि जिस मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी मद में किया जायेगा।

(4) यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है1

2- उक्त कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान सं0-58 के अन्तर्गत राजस्व लेखा के लेखाशीर्षक "3054-सड़क तथा सेतु-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-05-भारतीय सड़क कांग्रेस को सहायता-20-सहायता अनुदान-सामान्य(गैर वेतन) मद" के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वहन किया जायेगा तथा उक्त कार्य के नामें डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0सं0-यू0ओ0-ई-8-1095/दस-2021, दिनांक 27.03.2021 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है।

भवदीया,
नीरजा सक्सेना
उप सचिव।

संख्या:-59/2021/147आ0(1)/23-5-2021तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
5- प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
6- मुख्य अभियन्ता(भवन)/(मु0-1), लो0नि0वि0, लखनऊ।
7- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1/प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ।
8- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/लो0नि0अनु0-10/श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
नीरजा सक्सेना
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in